# जनता दरबार में 30 मामलों की सुनवाई

## अधिकारियों को त्वरित कारर्वाई का निर्देश



**बक्सर ( आससे )।** सबका सम्मान, जीवन आसान अभियान के तहत सोमवार को समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें अपर समाहर्ता अरुण कुमार सिंह एवं अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शशिकांत पासवान ने संयुक्त रूप से आम लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी शिकायतें और समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। जनता दरबार में कुल 30 आवेदन प्राप्त हुए।

प्राप्त आवेदनों में सबसे अधिक 12 मामले राजस्व विभाग से संबंधित थे। वहीं, विकास विभाग से जुड़े नौ आवेदन प्राप्त हुए, जबकि नौ आवेदन अन्य विभागों से संबंधित थे। अधिकारियों ने सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। साथ ही, संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को मामलों के निष्पादन के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

वरीय अधिकारियों ने कहा कि सभी आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर पारदर्शी और न्यायोचित तरीके से सुनिश्चित किया जाएगा। जिला प्रशासन का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान कर लोगों को राहत पहुंचाना है। प्रशासन की ओर से बताया गया कि जनसुनवाई के माध्यम से आम नागरिकों की शिकायतों के प्रभावी निस्तारण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी जाती हैं।

# 27 अक्टूबर से चलेगा नशामुक्ति जागरूकता अभियान

## 25 नवंबर तक शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में होंगे जागरूकता कार्यक्रम



**बक्सर ( आससे )।** नशामुक्त बिहार अभियान के तहत जिले में 27 अक्टूबर से 25 नवंबर 2026 तक सघन जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसको लेकर सोमवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में अभियान के सफल संचालन और आम लोगों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में बताया गया कि अभियान का शुभारंभ 27 अक्टूबर को पटना स्थित अधिवेशन भवन से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे। इसके बाद जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नशामुक्ति अभियान को जन आंदोलन का रूप दिया जाए, ताकि समाज के सभी वर्गों तक नशे के दुष्परिणामों का संदेश पहुंच सके।

उन्होंने विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर निर्धारित कार्यक्रमों का समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

अभियान के दौरान विद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा जागरूकता रैली, शपथ ग्रहण, परिचर्चा तथा पंचायत और वार्ड स्तर पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रचार-प्रसार के लिए पोस्टर, बैनर और अन्य जनसंपर्क माध्यमों का भी उपयोग किया जाएगा।

अभियान में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, महिलाओं और युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। जिला प्रशासन का उद्देश्य लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना और नशामुक्त समाज के निर्माण में उनकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करना है।

# कुश्ती टीम को सहयोग देने वाले पहलवान अविनाश कुमार सम्मानित



**बक्सर ( आससे )।** जिले में कुश्ती के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने वाले पहलवान अविनाश कुमार को जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया। समाहरणालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी साहिला ने उन्हें सम्मानित करते हुए जापान में आयोजित 20वें एशियन गेम्स में कुश्ती टीम को सहयोग प्रदान करने में उनकी भूमिका और योगदान की सराहना की।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में सफलता हासिल करने के लिए खिलाड़ियों का कठिन परिश्रम, अनुशासन, समर्पण और सामूहिक प्रयास जरूरी है।

इसके साथ ही टीम को मिलने वाला सहयोग भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

खिलाड़ियों के व्यक्तिगत प्रदर्शन के अलावा टीम के सदस्यों के बीच बेहतर समन्वय, सहयोग और सकारात्मक सोच से भी अच्छे परिणाम प्राप्त होते हैं।

उन्होंने कहा कि अविनाश कुमार का योगदान खेल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और टीम भावना को दर्शाता है।

ऐसे प्रयास युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने, अपनी प्रतिभा को निखारने तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते हैं। जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। युवाओं में खेल के प्रति रुचि विकसित करना और उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के अवसरों के लिए प्रेरित करना आवश्यक है।

जिला प्रशासन ने अविनाश कुमार के योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उम्मीद जताई कि वे भविष्य में भी खेल जगत से जुड़े रहकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करेंगे और जिले का गौरव बढ़ाने में योगदान देते रहेंगे।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित

## भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन के लिए अधिकारियों और कर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा का संदेश



**बक्सर ( आससे )।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में सोमवार को जिला पदाधिकारी साहिला की उपस्थिति में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकारी कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और ईमानदारी को बढ़ावा देने के साथ-साथ भ्रष्टाचार के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान सरकारी कार्यालयों में कार्य संस्कृति को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितोन्मुख बनाने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों एवं कर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सरकारी कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने तथा आम नागरिकों को समय पर और निष्पक्ष रूप से सेवाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

जिला पदाधिकारी की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन की स्थापना और सरकारी सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का संदेश दिया गया। इस दौरान प्रशासनिक कार्यों में नैतिक मूल्यों का पालन करने तथा भ्रष्टाचार से जुड़ी गतिविधियों के प्रति सजग रहने की जरूरत भी रेखांकित की गई।

कार्यक्रम में कहा गया कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्देश्य प्रशासन और आम नागरिकों के बीच विश्वास को मजबूत करना तथा समाज में सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता की संस्कृति विकसित करना है। इसके लिए सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों से उच्च नैतिक मानकों का पालन करते हुए जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपेक्षा की गई।

जिला प्रशासन ने सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेह प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णा शर्मा ने प्रशासन को सौंपा 16 सूत्री मांग-पत्र



**बक्सर( आससे )।** बक्सर-पटना फोरलेन समेत जिले के विभिन्न मार्गों पर लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं, गलत दिशा में भारी वाहनों के परिचालन और विकराल महाजाम की समस्या को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णा शर्मा ने जिला प्रशासन के समक्ष गहरी चिंता जताई है। 卐हाइवे के हनुमान卐 के रूप में जाने जाने वाले कृष्णा शर्मा ने जिलाधिकारी को 16 सूत्री मांग-पत्र सौंपकर तत्काल ठोस कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने कहा कि आए दिन हो रहे सड़क हादसों में निर्दोष लोगों की जान जा रही है, जबकि महाजाम से एम्बुलेंस में फंसे मरीजों और आम जनता को भारी फजीहत झेलनी पड़ रही है।

प्रमुख मांगों में रॉन्ग साइड चलने वाले भारी वाहनों पर रोक, दलसागर टोल प्लाजा के पास निगरानी, दुर्घटना बहुल क्षेत्रों में स्पीड लिमिट व रेडियमयुक्त चेतावनी बोर्ड लगाना, और ढकाइच से पड़री के बीच सरकारी एम्बुलेंस की तैनाती शामिल है। इसके अलावा, यूपी सीमा पर खनन जांच से लगने वाले जाम का स्थायी समाधान, बालू लदे वाहनों का व्यवस्थित परिचालन, ब्लैक स्पॉट का संयुक्त निरीक्षण और चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग भी की गई है। शर्मा ने प्रशासन से अपील की है कि सभी संबंधित विभागों की समन्वय बैठक बुलाकर इन समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जाए, ताकि बक्सर की सड़कों पर इंसानी जिंदगियों को बचाया जा सके।

# युवती से सामूहिक दुष्कर्म, तीन गिरफ्तार

## पुलिस ने तीन घंटे में की कारर्वाई, दो पर वारदात और तीसरे पर रेकी करने का आरोप




**बक्सर( आससे )।** चक्की थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। एसपी के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज तीन घंटे के भीतर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें दो पर वारदात को अंजाम देने और तीसरे पर रेकी करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, रविवार की सुबह युवती के साथ दुष्कर्म की सूचना मिली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए डुमरांव एसडीपीओ भास्कर रंजन के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने गोपनीय सूचना और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की। इसके बाद उनके घरों पर छापेमारी कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लक्ष्मण डेरा निवासी समशेर पासवान, पिता हरेंद्र पासवान; मोहित पासवान, पिता दीनदयाल पासवान; और धनु पासवान, पिता राजेश पासवान के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, समशेर और मोहित पर दुष्कर्म करने, जबकि धनु पर घटना के दौरान रेकी करने का आरोप है। मामले में चक्की थाना कांड संख्या 73/26 के तहत बीएनएस की धारा 70(1), 351(2) और 352 में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया में जुटी है। कार्रवाई करने वाली टीम में डुमरांव एसडीपीओ भास्कर रंजन, ब्रह्मपुर अंचल निरीक्षक ओम प्रकाश, चक्की थानाध्यक्ष अजय कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक राजेश कुमार झा और चक्की थाने का सशस्त्र बल शामिल था।

बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग
पशुपालन ज्ञान
पशुपालक कल्याण

# लंपी त्वचा रोग



**प्रमुख लक्षण**

तेज बुखार • त्वचा पर गांठें • आँख-नाक से पानी • पैर/थन में सूजन • दूध में कमी

**क्या करें**

- लक्षण दिखते ही पशु अलग करें, जाँच रिपोर्ट की प्रतीक्षा न करें।
- 1962 या नजदीकी सरकारी पशु चिकित्सक को सूचना दें।
- उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में स्वस्थ एवं पात्र पशुओं का टीकाकरण कराएँ।
- गौशाला, डेयरी फार्म, सीमा व पूर्व प्रकोप क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखें।
- पशुशाला साफ रखें तथा मच्छर, मक्खी और किलनी नियंत्रित करें।
- बीमार पशु के चारा-पानी, रस्सी और बर्तन अलग रखें।
- बीमार आवारा गोवंश की सूचना स्थानीय निकाय या पशु चिकित्सालय को दें।
- मृत्यु होने पर सूचना देकर वैज्ञानिक निस्तारण कराएँ।

**एफएमडी व जीपीवी टीकाकरण**

स्वस्थ पशु में एक ही समय, गर्दन के दोनों ओर अलग-अलग, प्रशिक्षित कर्मी से लगवाएँ

**क्या न करें**

- बीमार या संदिग्ध पशु को खरीदें बेचें अथवा बाहर न ले जाएँ।
- पशु हाट, मेला, प्रदर्शनी या सामूहिक चराई में न भेजें।
- त्वचा की गांठों को काटें, फोड़ें या जलाएँ नहीं।
- चूना, मिट्टी का तेल या घरेलू पदार्थ घाव पर न लगाएँ।
- सलाह के बिना आइवरमेक्टिन या एंटीबायोटिक का अंधाधुंध उपयोग न करें।
- बीमार पशु का दूध कच्चा न पिएँ और न ही पिलाएँ।
- मृत पशु को खुले स्थान, नदी या तालाब में न फेंकें।
- रोग न छिपाएँ, अफवाह न फैलाएँ और पशु को लावारिस न छोड़ें।

**अंधाधुंध दवा न दें**

आइवरमेक्टिन व एंटीबायोटिक केवल पशु चिकित्सक की सलाह और आवश्यकता पर दें

PR. No. 014228 (Animal)D. 2026-27

**यह रोग मनुष्यों में नहीं फैलता है। घबराएँ नहीं-समय पर सूचना दें।**

अधिक जानकारी हेतु स्थानीय पशु चिकित्सालय से संपर्क करें।
विशेष जानकारी हेतु 1962 पर संपर्क किया जा सकता है।

पशुपालन निदेशालय
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा जनहित में प्रचारित

@BiharDFARD

# युवाओं को दिया गया स्वस्थ समाज का संदेश




**बक्सर ( आससे )।** केसठ में हर्ष नशा मुक्ति केंद्र के तत्वावधान में क्षेत्र में एक भव्य नशामुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई, जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने और एक स्वस्थ, खुशहाल समाज के निर्माण का संदेश देना था। नया बाजार से शुरू हुई यह रैली मुख्य मार्गों से गुजरते हुए पुराना बाजार और बस पड़ाव तक पहुंची। रैली के दौरान वक्ताओं ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बढ़ती नशाखोरी के कारण आज कई परिवार बिखर रहे हैं और युवा पीढ़ी तेजी से इसकी गिरफ्त में आ रही है। उन्होंने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। आयोजकों ने जोर देकर कहा कि केवल एक व्यक्ति या संस्था के प्रयास से नशामुक्त समाज नहीं बन सकता, इसके लिए समाज के हर वर्ग, युवाओं और अभिभावकों को सामूहिक रूप से आगे आना होगा। कार्यक्रम के अंत में सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों और युवाओं ने नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया।

# भाजपा ने फूंका कांग्रेस अध्यक्ष का पुतला

**बक्सर ( आससे )।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ दिए गए कथित आपत्तिजनक बयान का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) जिला इकाई बक्सर के कार्यकर्ताओं ने शहर के वीर कुंवर सिंह चौक पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष का पुतला फूंका। विरोध प्रदर्शन की शुरुआत किला मैदान से हुई, जहां से भाजपा कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए वीर कुंवर सिंह चौक पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सार्वजनिक जीवन में राजनीतिक मर्यादा बनाए रखने की पुरजोर मांग की। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भाजपा कार्यकर्ता अमरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि राजनीतिक मतभेद लोकतंत्र का अहम हिस्सा हैं, लेकिन देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल अस्वीकार्य है। किसी भी



राजनीतिक दल के नेता को बयानबाजी करते समय लोकतांत्रिक मूल्यों और शालीनता की सीमा नहीं लांघनी चाहिए। वहीं, कार्यकर्ता रमेश गुप्ता ने कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व से इस मामले पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने की अपील की। भाजपा नेताओं ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि प्रधानमंत्री के विरुद्ध की जाने वाली ऐसी टिप्पणियों का लोकतांत्रिक और राजनीतिक विरोध आगे भी जारी रहेगा। इस पुतला दहन और विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी उमाशंकर राय, पुनीत सिंह, लक्ष्मण शर्मा, अविनाश पाण्डेय, मदन दुबे, भास्कर सिंह, पवन चौरसिया, ज्वाला सैनी, विवेक चौधरी, विमल सिंह, दिलीप उपाध्याय और मुन्ना शर्मा समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।